# प्री-बोर्ड परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - 2023

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## कक्षा-10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 70

सामान्य निर्देश –

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक - 1, वर्णनात्मक - 2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं- 'क' विश्व का मानचित्र, तथा 'ख' भारत का मानचित्र। '

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिये गये मानचित्र को उत्तर - पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

### खण्ड 'अ'

प्रश्न 1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ सर्वप्रथम किस देश से हुआ ?

(क) जर्मनी.
(ख) इटली,
(ग) फ्रांस,
(घ) इंग्लैण्ड

2. गाँधी जी ने नमक सत्याग्रह कहाँ प्रारम्भ किया था ?

(क) पोरबन्दर,
(ख) डाण्डी,
(ग) वर्धा,
(घ) चम्पारन

3. 'विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कहाँ हुई थी?

(क) न्यूयॉर्क,
(ख) वाशिंग्टन,
(ग) जिनेवा,
(घ) ऑस्ट्रिया

4. भारत में पंचायती राज की स्थापना हुई थी -

(क) 1980 में.
(ख) 1990 में,
(ग) 1992 में.
(घ) 2004 में।

5. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई ?

(क) 1788 ई० में,
(ख) 1789 ई० में.
(ग) 1790 ई० में.
(घ) 1787 ई० में

6. निम्नलिखित में से कौन-सा विकसित देश है?

(क) ब्राजील.

(ख) भारत,

(ग) फ्रांस,

(घ) बांग्लादेश।

7. निम्न में से कौन-सा संसाधन पुनः चक्रीय है?

(क) लोहा,

(ख) पवन

(ग) ज्वारीय ऊर्जा,

(घ) पशुधन

8. निम्न में से कौन-सी रेशेदार फसल है?

(क) कपास,

(ख) जूट,

(ग) प्राकृतिक रेशम,

(घ) इनमें से सभी।

9. कौन-सा क्षेत्रक सबसे अधिक रोजगार देता है?

(क) प्राथमिक क्षेत्रक,

(ख) द्वितीयक क्षेत्रक,

(ग) तृतीयक क्षेत्रक,

(घ) सार्वजनिक क्षेत्रक।

10. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित हुआ-

(क) 1980 ई० में,

(ख) 1986 ई० में,

(ग) 1992 ई० में.

(घ) 1998 ई० में।

11. सरकार द्वारा व्यापार अवरोधकों और प्रतिबन्धकों को हटाने की प्रक्रिया कहलाती है-

(क) उदारीकरण,

(ख) निजीकरण,

(ग) राष्ट्रीयकरण,

(घ) समाजीकरण

12. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सा बहुसंख्यक वर्ग है?

(क) तमिल,

(ख) ईसाई,

(ग) सिंहली,

(घ) मुस्लिम

13. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?

(क) 10 दिसम्बर,

(ख) 5 सितम्बर,

(ग) 14 नवम्बर,

(घ) 15 अगस्त।

14. निम्नलिखित में से किसमें महिलाओं के लिए 'आरक्षण' सुनिश्चित है?
(क) विधान सभाओं में,
(ख) लोक सभा में,
(ग) पंचायती राज संस्थाओं में,
(घ) राज्य सभा में ।
15. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ? :
(क) 1992 ई० में,
(ख) 1982 ई० में,
(ग) 1972 ई० में,
(घ) 1962 ई० में।
16. ऑपरेशन फ्लड सम्बन्धित है—
(क) नमक उत्पादन से,
(ख) ऊन उत्पादन से,
(ग) दूध उत्पादन से,
(ध) चीनी उत्पादन से ।
17.द्वितीयक क्षेत्रक में शामिल है-
(क) खनन,
(ख) डेयरी,
(ग) विनिर्माण,
(घ) कृषि
18.निम्न में से किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है?
(क) हरियाणा,
(ख) बिहार,
(ग) राजस्थान,
(घ) मेघालय
19. 'लोकतन्त्र की तीसरी लहर' निम्न में से किस देश से सम्बद्ध है?
(क) भारत,
(ख) बांग्लादेश,
(ग) नेपाल.
(घ) बोलिविया

20.निम्न में से कौन धात्विक खनिज नहीं है?
(क) बॉक्साइट,
(ख) मैंगनीज.
(ग) अभ्रक,
(घ) ताँबा ।

## खण्ड 'ब'

वर्णनात्मक- 1 ( उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए ।)
1. महामन्दी के चार प्रभावों का उल्लेख कीजिए ।
अथवा
कॉर्न लॉ क्या था? उसे क्यों समाप्त किया गया और उसका क्या परिणाम हुआ ?

2. दबाव-समूह और आन्दोलन राजनीति को किस तरह प्रभावित करते हैं?

अथवा

"नागरिकों की गरिमा और आजादी को सुरक्षित रखने के लिए लोकतान्त्रिक व्यवस्था अति महत्त्वपूर्ण है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

3. बहुउद्देशीय परियोजनाओं से होने वाले लाभ और हानियों की तुलना करें।

अथवा

भारत में सड़क परिवहन के महत्त्व का वर्णन कीजिए ।

4. बाजार में उपभोक्ता का शोषण किस प्रकार होता है, समझाइए

अथवा

वैश्वीकरण और उत्पादकताओं के बीच प्रतिस्पर्द्धा से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों का उल्लेख कीजिए ।

वर्णनात्मक -2 ( उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।)

5. फ्रांस की क्रान्ति के कारणों की विवेचना कीजिए ।

अथवा

भारत में राष्ट्रीयता के विकास के कारणों पर प्रकाश डालिए

6. लोकतन्त्र में सत्ता की साझेदारी के स्वरूपों की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

सामाजिक विभाजन राजनीति को किस प्रकार प्रभावित करता है? व्याख्या कीजिए ।

7. वनों के ह्रास के कारणों का वर्णन करते हुए इसके संरक्षण के उपाय सुझाइए ।

अथवा

गन्ना उगाने की आवश्यक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए और उसके उत्पादक क्षेत्रों का विवरण दीजिए।

8. भारत में तृतीयक क्षेत्रक क्यों महत्त्वपूर्ण हो रहा है? कारणों सहित व्याख्या कीजिए ।

अथवा

अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

9. मानचित्र कार्य -

(क) निर्देश - निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा - मानचित्र में ० चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिए ½ + 1½ अंक निर्धारित हैं-

(i) वह स्थान जहाँ 1927 ई० में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(ii) वह स्थान जहाँ 1920 ई० में गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव पारित हुआ था ।

(iii) वह स्थान जहाँ 1927 ई० में साइमन कमीशन के विरोध का प्रस्ताव पारित हुआ ।

(iv) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया ।

(v) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नील की खेती करने वाले किसानों के पक्ष में सत्याग्रह किया ।

(ख) निर्देश - दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) जलोढ़ मिट्टी का एक क्षेत्र ^^चिह्न द्वारा नाम सहित ।

(ii) तुंगभद्रा < चिह्न द्वारा नाम सहित ।

(iii) एक प्रमुख रबड़ उत्पादक क्षेत्र ¶III चिह्न द्वारा ।

(iv) दक्षिण भारत का एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा • चिह्न द्वारा नाम सहित ।

(v) नरौरा परमाणु ऊर्जा केन्द्र 4 चिह्न द्वारा नाम सहित।